शुभ दीपावली

संस्थापक : स्व. श्री वीर विक्रम आदित्य

# हिन्द जनपथ

स्थापना वर्ष : 2002

पंचकूला
सोमवार
20 अक्तूबर, 2025
वर्ष:24 अंक: 117
कुल पृष्ठ:08
मूल्य : 1 रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं

दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित।

www.hindjanpath.com

## अयोध्या में दिखने लगी दीपोत्सव की उमंग, झाकियों की शोभायात्रा को पर्यटन मंत्री ने दिखाई झंडी





**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में आज होने वाले दीपोत्सव को लेकर लोगों में उमंग नजर आ रहा है। सुबह से शाम तक चलने वाले इस आयोजन में परंपरा, गरिमा और तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। दीपोत्सव पर झांकियों की शोभायात्रा का आगाज हो गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।सुरक्षा के बड़े व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वहां पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा साकेत महाविद्यालय से निकली। यह रामपथ पर लगभग चार किलोमीटर की दूरी तय करेगी। कई प्रदेशों के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। रामकथा पार्क में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर को शोभायात्रा का स्वागत करेंगे। झांकियों में विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित अयोध्या की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। इसके अलावा रामायण कालीन प्रसंग की भी छटा देखने को मिल रही है। अयोध्यावासी पूरे रास्ते घरों की छतों से पुष्प वर्षा करके स्वागत करेंगे। हजारों की संख्या में लोग इस शोभायात्रा को देखने के लिए साकेत महाविद्यालय पहुंचे हैं। इसमें स्थानीय लोगों के साथ देश-विदेश के पर्यटक और श्रद्धालु भी शामिल हैं।

भगवान श्रीराम माता सीता के साथ पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से अयोध्या में पधारेंगे। यहां सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उनकी अगवानी करेंगे। रामकथा पार्क में भव्य राज्याभिषेक समारोह होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में इस बार राम की पैड़ी पर बनाया जा रहा भव्य पुष्पक विमान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण और सेल्फी प्वाइंट बनने जा रहा है।

त्रेतायुग की उस अलौकिक कथा को, जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे थे, इस दीपोत्सव में वास्तविक रूप में साकार किया जा रहा है। राम की पैड़ी के किनारे बन रहा यह राजशाही लुक वाला पुष्पक विमान अयोध्या की पहचान को नया आयाम देगा। इसकी लंबाई 32 फीट, ऊंचाई 25 से 30 फीट, और चौड़ाई 20 फीट होगी।

मोर की आकृति पर आधारित इस डिजाइन को ईपीसी सीट पर तैयार किया जा रहा है, जिससे विमान हल्का, आकर्षक और लंबे समय तक संरक्षित रह सके। पुष्पक विमान के सामने रामायण काल के दृश्यों को उकेरा जाएगा, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या आगमन की झांकी सजाई जाएगी।

श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान सेल्फी प्वाइंट के रूप में खोला जाएगा, ताकि हर आगंतुक इस दिव्य दृश्य को अपनी यादों में सहेज सके।

संध्या के समय लेज़र लाइट शो, दीपों की रेखा और पुष्पवर्षा के साथ यह स्थान अयोध्या के सांस्कृतिक पर्यटन का नया केंद्र बनेगा।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बंधवाड़ी स्थित द अर्थ सेवियर फाउंडेशन में मनाई दीपावली , जरूरतमंदों के साथ साझा की खुशियाँ

### सरकार के साथ समाज का भी यह नैतिक कर्तव्य कि वे बेसहारा लोगों को स्नेह, सुरक्षा और सम्मान का जीवन दें : मनोहर लाल



हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने आज रविवार को गुरुग्राम के बंधवाड़ी स्थित द अर्थ सेवियर फाउंडेशन पहुँचकर वहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े असहाय लोगों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। उन्होंने मंदिर में सभी निवासियों के साथ पूजा-अर्चना की और उन्हें प्रसाद, मिठाई व उपहार वितरित किए। आश्रम प्रांगण में दीप प्रज्वलन कर उन्होंने कहा कि वास्तविक दीवाली तभी सार्थक होती है जब हम उन लोगों के जीवन में भी प्रकाश लाएँ, जो किसी न किसी कारणवश समाज की मुख्यधारा से दूर हो गए हैं।

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने आश्रम में रह रहे लोगों से आत्मीय संवाद किया और उनके स्वास्थ्य, देखभाल तथा आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यहाँ रह रहे वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन और मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति समाज की जिम्मेदारी हैं। सरकार के साथ - साथ यह समाज का कर्तव्य भी है कि वे इन लोगों को स्नेह, सुरक्षा और सम्मान का जीवन दें। उन्होंने कहा कि मानवता की सबसे बड़ी पूजा सेवा है और दीपावली जैसे पर्व हमें यह संदेश देते हैं कि खुशियों को साझा करने से ही जीवन में सच्चा प्रकाश आता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने माता-पिता और बुजुर्गों का आदर करे तथा उनके सुख-दुःख में सहभागी बने। हमारी भारतीय संस्कृति 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव' की भावना पर आधारित है, जो सेवा, त्याग और आदर की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि केंद्र और हरियाणा सरकार वरिष्ठ नागरिकों तथा अन्य बेसहारा नागरिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, जिनसे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और गरिमामय जीवन का अधिकार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि "प्रकाश केवल घरों में नहीं, बल्कि हृदयों में भी जलना चाहिए।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने द अर्थ सेवियर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे मानवता-सेवा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्था समाज में करुणा, सेवा और संवेदनशीलता का प्रेरणादायक उदाहरण है। श्री मनोहर लाल ने आश्रम के सभी निवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वृद्ध एवं दिव्यांगजन का आशीर्वाद समाज के लिए सबसे बड़ा प्रकाशपुंज है।

इस अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला, मेदांता अस्पताल प्रबंधन से सुनील सचदेवा, द अर्थ सेवियर फाउंडेशन प्रबंधन से जस कालरा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## बिहार में पीएम मोदी की रैली का ऐलान, समस्तीपुर से करेंगे चुनावी अभियान की शुरुआत

**पटना।** 6 नवंबर से शुरू हो रहे बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों का शेड्यूल तय हो गया है। पीएम मोदी 24 अक्टूबर से बिहार में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इस दौरान वह प्रदेश के कई जिलों में जनसभाएं करेंगे और जनता से सीधा संवाद करेंगे।चुनावी अभियान की शुरुआत समस्तीपुर से होगी, जहां प्रधानमंत्री मोदी कर्पूरी ग्राम जाकर समाजवादी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के घर पहुंचेंगे। वहां वह कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि देंगे। इसी कार्यक्रम से प्रधानमंत्री अपने बिहार दौरे और चुनावी रैलियों की औपचारिक शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे का यह आगाज बेहद प्रतीकात्मक माना जा रहा है, क्योंकि कर्पूरी ठाकुर को बिहार की राजनीति का बड़ा चेहरा और सामाजिक न्याय का प्रतीक माना जाता है। कर्पूरी ग्राम से शुरुआत करके पीएम मोदी एक बार फिर 'सबका साथ, सबका विकास' के संदेश के साथ बिहार में एनडीए की ताकत को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे।



जानकारी के मुताबिक, 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समस्तीपुर और बेगूसराय में दो बड़ी चुनावी सभाएं करेंगे। इसके बाद उनका अगला चरण 30 अक्टूबर को तय है, जब वह मुजफ्फरपुर और छपरा में रैलियां संबोधित करेंगे।

सूत्रों के अनुसार, 2 नवंबर, 3 नवंबर, 6 नवंबर और 7 नवंबर को भी प्रधानमंत्री बिहार के अलग-अलग जिलों में जनसभाएं करेंगे। इन रैलियों के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

भाजपा नेताओं का कहना है कि पीएम मोदी की रैलियों से बिहार में एनडीए के चुनावी अभियान को नई ऊर्जा मिलेगी।




मोटी-मोटी बातें

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस एवं भाई दूज दी बधाई

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी नागरिकों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस और भाई दूज के पावन पर्वों के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही, उन्होंने हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों के सहयोग और विश्वास के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है।

श्री नायब सिंह सैनी ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का पवित्र त्यौहार प्रकाश, समृद्धि और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है। ये हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सहयोग और एकता की भावना को और मजबूत करने की प्रेरणा देते है। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद दिलाती है। विश्वकर्मा दिवस हमारे कारीगरों, शिल्पकारों और श्रमिकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने का अवसर है, जो प्रदेश की प्रगति की नींव हैं। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते को और सुदृढ़ करता है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत का गौरव है।]

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष में जनकल्याण, समावेशी विकास और सुशासन के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। किसानों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए शुरू की गई योजनाओं ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियां प्रदेशवासियों के अटूट समर्थन और सहयोग का परिणाम हैं।

श्री सैनी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि दीपावली के इस अवसर पर पर्यावरण के प्रति जागरूक रहें, प्रदूषण मुक्त उत्सव मनाएं और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की ।

## संघर्ष के बाद शांति के लिए तैयार हुए अफगानिस्तान और पाकिस्तान, युद्धविराम पर जताई सहमति

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान एक सप्ताह से अधिक समय से चल रहे भीषण संघर्ष के बाद तत्काल युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं।बता दें, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के रिहायशी इलाकों में हमला किया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। हालिया समझौते से पहले 48 घंटे का युद्धविराम खत्म होते ही 18 अक्टूबर को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला किया था, जिसमें तीन क्रिकेटर समेत कई लोगों की मौत हो गई। दोनों पक्षों के इस समझौते की मध्यस्थता कतर और तुर्किए ने की। वहीं 7 युद्धों को समाप्त करने का दावा करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवाद सुलझाने से चूक गए।

कतर के बयान के अनुसार, दोनों पड़ोसी देश स्थायी शांति और स्थिरता को मजबूत करने के उद्देश्य से तंत्र स्थापित करने पर भी सहमत हुए हैं। इसके अलावा आने वाले दिनों में युद्धविराम की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए पहले से वार्ताएं निर्धारित हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान दोनों के प्रतिनिधिमंडल कतर और तुर्किए की मध्यस्थता में वार्ता के लिए दोहा में थे। वार्ता का नेतृत्व दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने किया, और पाकिस्तान ने कहा कि उसका फोकस 'अफगानिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने और सीमा पर शांति एवं स्थिरता बहाल करने के तत्काल उपायों' पर केंद्रित होगा। यह संघर्ष तब शुरू हुआ जब पाकिस्तान ने पिछले हफ्ते काबुल पर हवाई हमले किए। इस्लामाबाद और काबुल दोनों ने हाल के दिनों में एक-दूसरे पर आक्रामकता का आरोप लगाया है। पाकिस्तान ने बार-बार दावा किया है कि आतंकवादी समूह अफगानिस्तान की धरती से हमले कर रहे हैं, जबकि अफगानिस्तान ने सीमा पार हिंसा के लिए जिम्मेदार ऐसे किसी भी तत्व को पनाह देने से दृढ़ता से इनकार किया है।

## मुर्मु और राधाकृष्णन ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी

**नयी दिल्ली** – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती मुर्मु ने एक संदेश में कहा, ' दीपावली के पावन अवसर पर मैं भारत और दुनिया भर में सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाए देती हूं। भारत के सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक दीपावली बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई जाती है। यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। पूरे देश में अपार उत्साह के साथ मनाया जाने वाला दीपावली का यह पावन पर्व आपसी स्नेह और भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन भक्त देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं जो धन और समृद्धि की देवी हैं।'



उन्होंने कहा,' खुशी का यह त्योहार आत्म-चिंतन और आत्म-सुधार का भी अवसर है। यह त्योहार वंचितों और ज़रूरतमंदों की मदद और समर्थन करने तथा उनके जीवन में खुशियां लाने का भी अवसर है। मैं सभी से सुरक्षित, ज़िम्मेदारीपूर्ण और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने का आग्रह करती हूं। यह दीपावली सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि लाए।

श्री राधाकृष्णन ने अपने संदेश में कहा , ' दीपावली के शुभ अवसर पर मैं देश-विदेश में रहनेवाले सभी भारतीयों और भारत के मित्रों को हार्दिकबधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। दीपावली बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का उत्सव है। दीपावली के अवसर पर उदारता, दान और समावेशिता के मूल्य - जो हमारी सभ्यतागत परंपराओं में गहराई से समाए हुए हैं - और भी स्पष्ट रूप से प्रकट होते हैं जब हम ज़रूरतमंदों और वंचित वर्गों के प्रति अपना सहयोग और समर्थन साझा करते हैं।'

## सेना प्रमुख ने अग्रिम चौकियों का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया

**नयी दिल्ली** – सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण भूभागों में आम लोगों के साथ सेनाओं के तालमेल को बेहतर बनाने, सैन्य अभियानों की स्थिति का आकलन करने और सैनिकों को प्रेरित करने के लिए रविवार को मध्य क्षेत्र की अग्रिम चौकियों का दौरा किया।

सेना प्रमुख ने पिथौरागढ़ के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों और आस-पास की अग्रिम चौकियों पर तैनात संरचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने उन्नत निगरानी प्रणालियों, विशेषज्ञ गतिशीलता प्लेटफार्मों, अगली पीढ़ी की तकनीकों के एकीकरण, टोही संपत्तियों के अनुकूलन और संबद्ध सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय सहित क्षमता बढाये जाने पर जानकारी हासिल की। उन्होंने चुनौतीपूर्ण भूभागों में पेशेवर कौशल , अनुशासन, सामरिक चपलता और नए उपकरणों के अभिनव उपयोग की सराहना की।

सुदूर क्षेत्रों में तैनात कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए जनरल द्विवेदी ने विषम जलवायु परिस्थितियों और उबड़-खाबड़ इलाकों में उनके लचीलेपन, साहस और कर्तव्य के प्रति अटूट समर्पण की प्रशंसा की। उन्होंने ' स्वयं से पहले सेना' के मूल सिद्धांत का आह्वान करते हुए, उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की पूरी तैयारी की पुष्टि की। सेना प्रमुख ने पूर्व सैनिकों और स्थानीय समुदायों के साथ भी बातचीत की, उनके बलिदानों को स्वीकार किया और सभी रैंकों और उनके परिवारों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# राज्य सरकार ने जनजातीय विकास को गति दी

## 35,000 से अधिक जनजातीय परिवारों को लाभान्वित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश

**शिमला।** समावेशी और संतुलित विकास को प्राथमिकता देते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास कार्यों पर पिछले अढाई वर्षों में 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ जनजातीय विकास को गति प्रदान की है। इस पहल से बेहतर बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक बेहतर पहुंच, आजीविका सृजन कार्यक्रमों और बेहतर सामाजिक सेवाओं के माध्यम से 35,000 से अधिक जनजातीय परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त हुआ है। नई सड़कें, पुल, आवासीय विद्यालय, स्वास्थ्य सुविधाएं और समुदाय परिसंपत्तियों तथा हस्तक्षेप सामाजिक-आर्थिक परिदृष्य में लगातार बदलाव ला रहे हैं।

जनजातीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम को 2022-23 के लिए 855 करोड़ रुपये, 2023-24 में 857.14 करोड़ रुपये, 2024-25 में 890.28 करोड़ रुपये और 2025-26 के लिए 638.73 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजटीय प्रावधानों के साथ एक मजबूत वित्तीय आधार तैयार किया है। सड़क, पुल, परिवहन अवसंरचना और सार्वजनिक भवनों सहित प्रमुख नागरिक कार्यों के लिए 2022-23 में 290.58 करोड़ रुपये, 2023-24 में 287.99 करोड़ रुपये और 2024-25 में 62.92 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई, जबकि 2025-26 के लिए 125.06 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

ऊंचे और कम आबादी वाले क्षेत्रों में सेवा वितरण की चुनौती को समझते हुए, सरकार ने दूरदराज के बस्तियों में बुनियादी सार्वजनिक सेवाओं को सुदृढ़ किया है। स्वास्थ्य उप-केंद्रों का उन्नयन किया गया है, मोबाइल आउटरीच और रेफरल इकाइयां स्थापित की गई हैं, जबकि पेयजल और बिजली आपूर्ति को और अधिक विश्वसनीय बनाया गया है। बागवानी, पशुपालन और स्थानीय उपज के मूल्यवर्धन से जुड़ी आजीविका सहायता ने जनजातीय परिवारों की आय को स्थिर करने में मदद की है।

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत, किन्नौर, पूह और स्पीति में 75 सीमांत बस्तियों के लिए विकास योजनाएं तैयार की गई है और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और आर्थिक अवसरों को मज़बूत करने के लिए विकास योजनाएं तैयार की गई हैं। इन गाँवों में कनेक्टिविटी, आवास और सामुदायिक संपत्तियों पर काम शुरू हो चुका है।

इसके अतिरिक्त शिक्षा क्षेत्र को भी प्राथमिकता पर रखा गया है। निचार, भरमौर, पांगी और लाहौल में चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में वर्तमान में 1,008 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जहां छठी कक्षा में हर साल 150 नए प्रवेश होते हैं। पांगी और लाहौल में नए स्कूल और छात्रावास परिसरों का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके लिए क्रमशः 2 करोड़ रुपये और 1.90 करोड़ रुपये पहले ही जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने 20-सूत्रीय कार्यक्रम के तहत अपने लक्ष्यों को हासिल करते हुए 2022-23 में 7,502 परिवारों के मुकाबले 2023-24 में 8,598 परिवारों, 2024-25 में 6,573 परिवारों के लक्ष्य के मुकाबले 12,663 परिवारों को कवर किया गया, जो लक्ष्य से लगभग दोगुना है। 2025-26 के लिए 6,314 परिवारों को लक्षित किया गया है।

वन अधिकार अधिनियम का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, जनजातीय जिलों में अधिकारियों और सामुदायिक प्रतिनिधियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया। जून 2025 तक, 901 भूमि अधिकार जिनमें 755 व्यक्तिगत और 146 सामुदायिक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अप्रैल 2025 में लंबित दावों के एक समान और समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए वन अधिकार अधिनियम कार्यान्वयन कैलेंडर भी जारी किया गया है।

सरकार द्वारा स्थायी जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के लिए 40.29 करोड़ रुपये की लागत से भूमि हस्तांतरण, वैधानिक मंजूरियां और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य पूरा कर लिया है, जो जनजातीय विकास के लिए अनुसंधान, क्षमता निर्माण और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को गति प्रदान करेगा। निरंतर वित्त पोषण, मापनीय परिणामों और आवासीय विद्यालयों और एफआरए पट्टों के विस्तार से लेकर सीमावर्ती गांव के उन्नयन से लेकर विकास प्रस्तावित अनुसंधान संस्थान तक, संस्थागत निरंतरता के साथ, राज्य सरकार ने जनजातीय विकास को घोषणाओं से आगे बढ़ाकर जमीनी स्तर पर प्रत्यक्ष कार्यान्वयन की ओर अग्रसर किया है।

सरकार की पहल व विकास धरातल पर दिख रहा है और जनजनातीय समुदाय के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।




## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दीं

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर उन्हें दीपावली के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक एवं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर भी उनके साथ उपस्थित थीं।







# मुख्यमंत्री ने टूटीकंडी बाल आश्रम में बच्चों के साथ मनाई दिवाली

## राज्य भर के बाल आश्रमों में रहने वाले बच्चों के लिए होगा खेल दिवस का आयोजन

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां टूटीकंडी बाल आश्रम का दौरा किया और आश्रम में रहने वाले बच्चों के साथ दीपोत्सव भी मनाया।

आश्रम के बच्चों और कर्मचारियों ने मिट्टी के दीये जलाकर और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मिठाइयां और उपहार बांटे और उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवाली का असली मतलब खुशियां, करुणा और एकजुटता बांटना है। ये बच्चे हमारा भविष्य हैं और यह हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है, कि हम सुनिश्चित करें कि उनकी परवरिश प्यार, सम्मान और उचित अवसरों के साथ हों।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों को 'राज्य के बच्चों' के रूप में गोद लिया है। इन बच्चों की शिक्षा का सारा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उन्हें प्रति माह 4000 रुपये पॉकेट मनी भी प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य के बाल आश्रमों में आवासीय सुविधाओं का उन्नयन किया जाएगा और अन्य सुविधाओं में भी वृद्धि की जाएगी।

श्री सुक्खू ने कहा कि सरकार जल्द ही अनाथ और कमजोर बच्चों के समग्र विकास के लिए विशेष रूप से नई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करेगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बाल आश्रम के बच्चों के लिए हर साल 14 नवंबर को खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए राज्य सरकार पर्याप्त बजट का प्रावधान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाल आश्रमों के छात्रों को बेहतर अनुभव प्राप्त करने के लिए राज्य से बाहर शैक्षणिक दौरों पर भेजा जाएगा। उन्होंने बच्चों से अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और उसके बाद विभिन्न क्षमताओं में राष्ट्र की सेवा करके देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महापौर सुरेन्दर चौहान, उप-महापौर उमा कौंडल, निदेशक महिला एवं बाल कल्याण पंकज ललित और उपायुक्त अनुपम कश्यप भी उपस्थित थे।

# आरक्षण पर कोर्ट के आदेश का बड़ा असर, ठप रहा पूरा तेलंगाना; तोड़फोड़ भी हुई

**हैदराबाद, एजेंसी।**
तेलंगाना में शनिवार का दिन बंद से बुरी तरह प्रभावित रहा। इस बंद का आह्वान बैकवर्ड क्लास संगठनों ने किया था। इसके अलावा कई राजनीतिक दलों का भी इसे समर्थन मिला हुआ था। इसके चलते तेलंगाना में शनिवार को सबकुछ बंद रहा। स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्ग को 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के सरकारी आदेश पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में इस बंद का आयोजन किया गया।

तेलंगाना पिछड़ा वर्ग संयुक्त कार्रवाई समिति (बीसी जेएसी) की ओर से बुलाए गए इस बंद का सत्ताधारी दल कांग्रेस ने भी समर्थन किया था। इसके अलावा विपक्षी दल बीआरएस और भाजपा भी इसके पक्ष में रहे। प्रदेश के मंत्री भी बंद के दौरान प्रदर्शन में शामिल रहे। कई शहरों और कस्बों तक इस बंद का असर नजर आया। बंद के दौरान कुछ पिछड़ा वर्ग संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक पेट्रोल पंप पर तोड़फोड़ की। इसके अलावा एक दुकान पर भी तोड़फोड़ की गई।

इसके अलावा तेलंगाना की सरकारी बस सेवा पर भी बंद का असर देखने को मिला। बड़े पैमाने पर बसें डिपो में ही खड़ी रह गईं। इसके चलते सामान्य जनजीवन प्रभावित नजर आया। खासतौर पर दिवाली के लिए यात्रा पर निकले लोग जगह-जगह खड़े होकर बसों का इंतजार करते देखे गए। हड़ताल के चलते दुकानें, बिजनेस प्रतिष्ठान और स्कूली संस्थान बंद रहे। हालांकि बंद के दौरान इमरजेंसी और जरूरी सेवाओं को बंद से अलग रखा गया। गौरतलब है कि तेलंगाना उच्च न्यायालय ने नौ अक्टूबर को स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले सरकारी आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी।



# ड्रग एडिक्ट ने जताई आगे पढ़ने की इच्छा, हाई कोर्ट ने करवाया एडमिशन, पूरी फीस भी दी




**तिरूवंतपुरम , एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने एक केस में फैसला सुनाते हुए समता, निष्पक्षता और मानवता की मिसाल पेश की है। माननीय हाई कोर्ट ने नशा मुक्ति कोर्स को पूरा करके आए एक युवा के आगे पढ़ने की इच्छा को न केवल समझा बल्कि उसको अपना भविष्य बनाने में आर्थिक मदद भी दी। इतना ही नहीं केस के दौरान न्यायालय ने कहा कि समाज को ख्याल रखना चाहिए कि नशा करने वालों को दंडित करने की बजाय उन्हें इस बात को विश्वास दिलाया जाए कि सिस्टम उनके साथ है।

न्यायमूर्ति ए. मुहम्मद मुस्ताक और न्यायमूर्ति हरिशंकर वी. मेनन की पीठ ने कहा कि नशेड़ी लोगों को अपनाने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा, ÷हमें उनमें सुधार लाना होगा, यही नई पद्धति है।÷ इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए युवा की इच्छा के अनुरूप कोर्स में एडमिशन दिलवाने का फैसला किया। फीस के तौर पर 91,000 रुपए की कमी की बात आने पर कोर्ट ने इसे दूसरे केस से मिलने वाली राशि से देने का फैसला किया। दरअसल, यह पूरा मामला लड़के के पिता द्वारा दायर की गई अर्जी सुनने के दौरान सामने आया। लड़के के पिता ने अपनी याचिका में बताया कि उसका बेटा नशीली दवाईयों के अत्याधिक सेवन की वजह से गंभीर मानसिक बीमारियों से ग्रस्त है। इसके इलाज के लिए उसे एंटी-साइकोटिक और एंटी-कन्वल्सेंट दवाएँ दी गई थीं। इलाज के दौरान, उसके बेटे को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस एक्ट) के तहत एक मामले में आरोपी बनाया गया था। लड़के के पिता के मुताबिक उनके बेटे का दो महीने अस्पताल में इलाज चला, जैसे ही वह रिहा हुआ पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। हिरासत में रहते हुए उसने अपनी दवा खाने से इनकार कर दिया, बाद में जब वह जमानत पर बाहर आया।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने दीपावली पर्व पर प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि यह रोशनी का त्यौहार बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। इस दिन दीपक न केवल घरों को सजाने के लिए, बल्कि जीवन के एक गहन सत्य को संप्रेषित करने के लिए भी जलाए जाते हैं।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली का त्यौहार न केवल घरों को ही बल्कि हमारे मन और समाज को भी रोशनी से आलोकित करता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस अवसर पर सब मिलकर शांति, सौहार्द और एकता का संदेश फैलाएं तथा एक समृद्ध और उज्ज्वल प्रदेश के निर्माण का संकल्प लें। उन्होंने दीपावली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों के सुखी जीवन एवं समृद्धि की मंगल कामना की।

उप-मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली पर्व हमें प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि इस पर्व को आपसी मेल-जोल की भावना के साथ मनाएं ताकि सबके जीवन में खुशियों का प्रकाश फैले।

# राजस्थान में हरियाणा पुलिस बनकर उठाया, फिरौती लेकर छोड़ा

**अलवर, एजेंसी।** अलवर के गोविंदगढ़ थाने ने जिसे पर्दाफाश किया, वह कोई रातोरात की घटना नहीं थी बल्कि महीनों की योजना और परतदार जाल का परिणाम निकली। पुलिस की शुरुआती जानकारी और पीड़ित के बयान को जोड़कर दायरे का वो नक्शा तैयार किया जा सकता है जिसमें गिरोह ने ठोस तरीके से रचना, पहचान छुपाना और फिरौती वसूली की ठोस रणनीति अपनाई थी।

घटना की शुरुआत 28 जून की रात हुई तब चार-पाँच लोग एक लाल बत्ती लगी गाड़ी लेकर धांधोली स्थित ई-मित्र दुकान पर पहुंचे। गिरोह ने खुलेआम खुद को हरियाणा पुलिस बताया; यह वैसी ही चाल थी जो भरोसा पैदा करने के लिए बरती जाती है। लाल बत्ती और पुलिस जैसे वेशभूषा ने दुकानदारों में भ्रम पैदा किया ताकि वे विरोध करने से बचें और आदेश मान लें।




गिरोह ने पहले तो दुकानदार को डराया-धमकाया, फिर उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया – इस तरह की तेज़ी से हुई कार्रवाई से आसपास के लोगों का हस्तक्षेप संभव नहीं हुआ। तैयारी में गिरोह ने खामोशी के साथ जाल बिछाया था – निशाना उसी तरह के छोटे-ठाठ व्यवसायियों पर रखा गया जो रात में अकेले रहते हैं और जिनके पास नकदी व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आसानी से उपलब्ध होते हैं। ई-मित्र की तरह सार्वजनिक रूप से खुली दुकानों को भी जोखिम भरा समझकर गिरोह ने मौके का लाभ उठाया। घटनास्थल से मोबाइल और कंप्यूटर बरामद करने का मकसद न सिर्फ तत्काल लाभ था, बल्कि बाद में संचार छुपाने और सबूत मिटाने का भी था। फिरौती वसूली का तरीका पुराना पर असरदार रहा÷ अपहृत का परिवार धमकी और डराकर जल्दी से पैसे जुटा कर देता है। इस मामले में परिजनों ने ?4 लाख दिए और तब साजिद को छोड़ दिया गया – इसका मतलब गिरोह ने रैला-रैला दबाव बनाकर, डर और भरोसे का खेल खेला। आरोपियों ने संभवतः÷ बर्नर सिम (अल्पकालिक मोबाइल नंबर), नकदी लेन-देन और त्वरित नकद असाइनमेंट का सहारा लिया ताकि ट्रेस कम रहे। गाड़ियाँ बदलकर और ग्रामीण मार्गों का इस्तेमाल कर वे आसानी से इलाके से बाहर जा सकते थे। पुलिस की जांच का परिदृश्य भी दिलचस्प है÷ तकनीकी सहायता और सूचना संकलन ने मामले को गति दी। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल टावर कॉल-डेटा और वीडियोग्राफिक सबूतों से संदिग्धों की मूवमेंट ट्रेस की गई। बैंक और कैश के आदान-प्रदान के पैटर्न, फोन के लोकेशन-पिंग और स्थानीय चश्मदीदों के बयान ने मिलकर निगाहें उन जगहों पर टिकाई जहाँ गिरोह के छिपने की संभावना थी।

## आवश्यक सूचना

ब्पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

RNI NO: HARHIN/2002/08034, Postal Regd No. HR/AB/54/23-25 , स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक एकान्ति राय गर्ग द्वारा जनपथ पब्लिशर्स, बूथ नं.: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित। **सम्पादकः- एकान्ति रॉय गर्ग,** मुख्य कार्यालयः बूथ नंः 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8 पंचकूला-134109(हरियाणा)। फोनः 0112-2569000, । email : hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com ।

आप सभी को

# दीपावली एवं बंदी छोड़ दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएँ



"दीपावली और बंदी छोड़ दिवस के इस पावन अवसर पर, आइए हम सब मिलकर प्रेम, मानवता और आपसी सौहार्द के दीप जलाएँ। आपको और आपके समस्त परिवार को दीपावली और बंदी छोड़ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



**स. भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## न्यूज डायरी

### सरकार मजबूत बुनियादी ढांचा, स्वच्छ पेयजल और गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध: रणबीर गंगवा

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के लोक निर्माण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस और भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

श्री गंगवा ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का यह पावन पर्व अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने का प्रतीक है। यह त्योहार हमें समाज में एकता, प्रेम और सेवा भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीयों की रोशनी का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आशा का उत्सव है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जब मन में विश्वास और नीयत में अच्छाई हो, तो हर अंधकार मिट सकता है।

श्री गंगवा ने प्रदेश की जनता से अपील की कि वे इस दीपावली को स्वदेशी और पर्यावरण-संवेदनशील तरीके से मनाएं। मिट्टी के दीये जलाएं, स्थानीय कारीगरों व छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहन दें, और हर घर में "स्वदेशी निर्मित" उत्पादों का उपयोग करें।

लोक निर्माण और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री के रूप में श्री गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव से लेकर शहर तक मजबूत बुनियादी ढांचा, स्वच्छ पेयजल और गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का विकास, हर नागरिक की खुशहाली से जुड़ा है और यही दीपावली का सच्चा संदेश है। उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए मंगलकामना करते हुए कहा कि दीपों की यह रोशनी आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और नई ऊर्जा लेकर आए। हर दिन दीपावली की तरह उज्ज्वल और मंगलमय बने।

### जालंधर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा त्योहारों के अवसर पर शहर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध

**हिन्द जनपथ**
**जालंधर(ब्यूरो)।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने त्योहारों के अवसर पर शहर में शांतिपूर्ण, सुरक्षित और कानून-व्यवस्था वाला माहौल बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए है।

शहर के प्रमुख क्षेत्रों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई है। पुलिस पेट्रोलिंग को और तेज किया गया है और शहर के महत्वपूर्ण चौराहों पर हाईटेक नाके और चेक प्वाइंट स्थापित किए गए है ताकि हर गतिविधि पर और सतर्कता के साथ नजर रखी जा सके। शहर के प्रमुख चौराहों पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सार्वजनिक घोषणाएं करके नागरिकों को सुरक्षा, पटाखे जलाने के समय, ट्रैफिक नियमों और सावधानियों के बारे में लगातार जानकारी दी जा रही है। सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को बॉडी कैमरे दिए गए है, जबकि शहर के संवेदनशील स्थानों पर ट्राइपॉड कैमरे भी लगाए गए है।

भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक प्रबंधन को सुचारू बनाने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है और पार्किंग सिस्टम को और बेहतर किया गया है ताकि आवागमन में कोई रुकावट न आए। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि पटाखे जलाने के लिए निर्धारित समय शाम 8 बजे से 10 बजे तक का पालन करें, सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए त्योहार को शांति और सामुदायिक भावनाओं के साथ मनाएं।

किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत 112 नंबर पर साझा करें — पुलिस आपकी सुरक्षा और सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर है।

### 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 232वें दिन पंजाब पुलिस ने 561 ग्राम हेरोइन और 1.1 किलोग्राम अफीम समेत 67 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार राज्य से नशे का पूरी तरह खात्मा करने के लिए चलाए जा रहे "नशे के खिलाफ युद्ध" के 232वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज 306 स्थानों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप राज्यभर में 58 एफआईआर दर्ज कर 67 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस तरह 232 दिनों में अब तक कुल 33,500 नशा तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

इन छापों के दौरान गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 561 ग्राम हेरोइन, 1.1 किलोग्राम अफीम, 1229 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 6360 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशे के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट उप समिति का गठन भी किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 57 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 306 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि दिनभर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 332 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

यह उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशे के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, डि-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की है। इस रणनीति के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 23 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार लेने के लिए तैयार किया है।

### पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर द्वारा पंजाबियों को दीवाली और बंदी छोड़ दिवस सहित पवित्र त्योहारों की शुभकामनाएं

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर श्री जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने हलका गढ़शंकर सहित दुनियाभर में बसे पंजाबियों को दीवाली, बंदी छोड़ दिवस और विश्वकर्मा दिवस सहित अन्य पवित्र त्योहारों की शुभकामनाएं दी हैं।



डिप्टी स्पीकर श्री जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने कहा कि हमें अपने पारंपरिक त्योहारों को पूरी श्रद्धा, सम्मान और मर्यादा के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने गुरु-पीरों द्वारा सत्य के मार्ग पर चलने की दी गई शिक्षाओं का पालन करने की अपील भी की।

सभी की सुख-शांति के लिए परमात्मा से अरदास करते हुए डिप्टी स्पीकर ने लोगों से अपील की कि दीवाली और बंदी छोड़ दिवस जैसे पवित्र पर्व पारंपरिक ढंग से मनाए जाएं और पटाखे चलाने से परहेज किया जाए। उन्होंने कहा कि पटाखे चलाने से जहां प्रदूषण फैलता है, वहीं इनके धमाकों से बेजुबान जानवरों में डर और सहम का माहौल बनता है। इसलिए हमें इंसानियत के नाते ऐसा कोई भी गलत कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी दूसरे को नुकसान पहुँचे।

श्री जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी ने हमें कर्म और हुनर से जोड़ा है, इसलिए हमें अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए और अपने औज़ारों का हमेशा आदर करना चाहिए।

# दीपावली पर मुख्यमंत्री से हरियाणा मूल के युवा अधिकारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की



### हरियाणा के युवाओं ने देशभर में अपने परिश्रम और ईमानदारी से राज्य का नाम रोशन किया: मुख्यमंत्री

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** दीपावली के पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर देश की विभिन्न सेवाओं में कार्यरत हरियाणा मूल के युवा अधिकारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट की है।

इस दौरान अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राज्य के सतत विकास एवं सुशासन की दिशा में उनके नेतृत्व की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सभी को दीपावली की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकाश, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से देश और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने देशभर में अपने परिश्रम और ईमानदारी से राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता, समर्पण और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में राज्य और राष्ट्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का संकल्प देश के युवाओं के समक्ष रखा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप सभी युवा अधिकारी जिस भी क्षेत्र में कार्यरत हैं, राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को अपनाकर इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मुख्यमंत्री ने पिछले 11 वर्षों में हरियाणा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य ने विकास और सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन को पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनाया गया है। इसके साथ ही बिना पर्ची, बिना खर्ची की नीति के तहत युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां देकर उनके सपनों को साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। इस मुलाकात ने युवा अधिकारियों में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया, जिससे वे हरियाणा और देश की प्रगति में और अधिक योगदान देने के लिए प्रेरित हुए।

# संत सीचेवाल की ओर से 25 गांवों को दिवाली का तोहफ़ा



### जालंधर और कपूरथला जिलों के गांवों के लिए भेजी गईं 25 पानी की टंकियां

**हिन्द जनपथ**
**जालंधर(ब्यूरो)।** राज्यसभा सांसद और पर्यावरण प्रेमी संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने जालंधर और कपूरथला जिलों के 25 गांवों को दिवाली के तोहफे के रूप में स्टील की पानी की टंकियां भेंट कीं। ये टंकियां निर्मल कुटिया सुल्तानपुर लोधी और सीचेवाल से रवाना की गईं।

संत सीचेवाल ने बताया कि पवित्र काली बेई की सफाई सेवा के 25 साल पूरे होने के अवसर पर साल भर कार्यक्रम चलते रहेंगे। इसी कड़ी में ये टंकियां गांवों को दी गई हैं। उन्होंने अब तक अपने सांसद निधि से 7.5 करोड़ की ग्रांट से पंजाब के विभिन्न गांवों में 215 पानी की टंकियां वितरित की हैं।

गांवों के सरपंचों ने कहा कि ये स्टील की टंकियां गांवों के लिए एक स्थायी उपहार हैं। इनके माध्यम से पानी की कमी दूर होगी, पौधों को पानी देने और आग बुझाने में भी मदद मिलेगी। धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान जो पानी की सबसे बड़ी समस्या होती थी, वह अब हल हो गई है।

संत सीचेवाल ने गांववासियों को दिवाली और बंदी छोड़ दिवस की बधाइयाँ देते हुए 'हरी दिवाली' मनाने का संदेश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही और 50 टंकियां भी वितरित की जाएंगी, जिनमें दलित समुदाय और बाढ़ प्रभावित गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इस अवसर पर आहली कलां, बहिबल बहादर, सिधवा दोना, सुखानी, कौल तलवंडी, खैड़ा दोना, झल्ल बीबड़ी, मुस्तफाबाद, टिब्बा, ईश्वरवाल, मेवा सिंह वाला, महबलीपुर, डबुलियां (कपूरथला) और कसूपुर, उमरवाला बिल्ला, मानकपुर, बाजवा खुर्द, मूलेवाल खहेड़ा, मूलेवाल अराइयाँ, खानपुर राजपूताना, तलवंडी सलेम समाइलपुर, पंडोरी खास, बाड़ा जोध सिंह, ईसेवाल (जालंधर) के गांवों को टंकियां सौंपी गईं।

कुछ दिन पहले भी संत सीचेवाल ने कपूरथला के जैनपुर, हैबतपुर, तलवंडी चौधरियां और शाहवाला आंद्रेसा गांवों को टंकियां दी थीं।

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025–26 का सफल आयोजन





**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत (MY Bharat) द्वारा दिनांक *15 अक्टूबर 2025 से 16 अक्टूबर 2025* को ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और उत्साहपूर्वक विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़, वॉलीबॉल और रस्साकशी (Tug of War) जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल भावना का परिचय दिया।

इस अवसर पर कोच के रूप में रतन सिंह चौहान, सोनू ब्रेकेन एवं हरचरण जी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मेरा युवा भारत (MY Bharat) के जिला अधिकारी श्री विनय कुमार जी उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेता प्रतिभागियों को मैडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

आयोजन में सहयोगी संस्था के रूप में युवास्तंभ वेलफेयर एसोसिएशन, चंडीगढ़ ने संयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कई सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम में वॉलंटियर के रूप में उपेंद्र मौर्य, बिलु जी, हरमन जी, गौरव वाल्मिकी , अजय नेगी , आकाश खत्री , जाहिद ,शीतल एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित यह खेल प्रतियोगिता युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक सशक्त मंच प्रदान करती है और साथ ही "फिट इंडिया – स्वस्थ भारत" के संदेश को भी मजबूती से आगे बढ़ाती है।

# हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने दिवाली की पूर्व संध्या पर देश व प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई दी

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने दिवाली की पूर्व संध्या पर हरियाणा और देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

अपने संदेश में, माननीय राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने कहाः 'दिवाली के पावन अवसर पर, मैं हरियाणा और पूरे देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ। प्रकाश का यह पर्व सभी के जीवन को साहस, उत्साह, बुद्धिमत्ता और उत्तम स्वास्थ्य से आलोकित करे !'

माननीय राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने आगे कहाः 'जैसा कि राष्ट्र अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मना रहा है, आइए हम भारत को सद्भाव, समावेशिता और करुणा पर आधारित भविष्य की ओर ले जाने के लिए और अधिक प्रयास करें।'

माननीय राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि यह पर्व सभी नागरिकों को एकता, बंधुत्व और सद्भावना के बंधन को मजबूत करने और राज्य एवं राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी से त्योहार को सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी से मनाने का आग्रह किया।

### अर्जुन आजाद के शतक के बावजूद गोवा ने की शानदार जीत

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** ओपनिंग बैटर अर्जुन आजाद के 141 रनों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद चंडीगढ़ ने अपनी रणजी ट्रॉफी की शुरुआती मुकाबले में मेजबान गोवा के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ है। यह मुकाबला शनिवार को गोवा क्रिकेट एसोसिएशन अकादमी, पोरवोरिम में खेला गया।

चंडीगढ़ ने अपनी दूसरी पारी 159/3 से शुरू किया, तब अर्जुन आजाद ने 216 गेंदों में 16 चौकों की मदद से लंबी पारी खेलकर टीम को संघर्ष की राह दिखाई। भागमेन्द्र लठैड (38) और अंकित कौशिक (82) ने 153 रनों की साझेदारी कर टीम को कुछ उम्मीद जगाई।। निचले क्रम से नाबाद मयंक सिद्धू (33) और बाकी बल्लेबाजों ने भी योगदान दिया, लेकिन लगातार विकेट गिरने से चंडीगढ़ पूरी टीम 354 रनों पर ऑल आउट हो गई और उन्हें एक पारी और 75 रन की हार का सामना करना पड़ा।

पहली पारी में गोवा ने 556 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जबकि चंडीगढ़ की पहली पारी केवल 137 रनों पर सिमट गई थी।

# आप सरकार की चौथी दिवाली पर भी परिवहन विभाग के कच्चे कर्मचारियों के हाथ खाली- रेशम सिंह गिल

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब रोडवेज़ पनबस पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन पंजाब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष रेशम सिंह गिल, उप-प्रधान हरकेश कुमार विक्की, बलजिंदर सिंह बराड़ ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को सत्ता में आए चार साल हो गए हैं, लेकिन परिवहन विभाग का कोई भी वारिस नहीं बन रहा है क्योंकि इन चार सालों में परिवहन विभाग के एक भी कच्चे कर्मचारी को स्थायी नहीं किया गया, एक भी सरकारी बस नहीं लगाई गई, नए परमिट मिलना या स्थायी भर्ती होना तो बहुत दूर की बात है। वहीं दूसरी ओर, कर्मचारी विभागों को बचाने और अपनी नौकरी को स्थायी करने के लिए अलग-अलग समय पर अपना संघर्ष जारी रखे हुए हैं, जिसमें 15 साल बाद भी कच्चे कर्मचारियों को स्थायी करने की बजाय एक फर्जी नीति लाई गई है। जिसमें कर्मचारियों को स्थायी करने की बजाय उन्हें और अधिक कैजुअल बनाया जा रहा है। इस नीति को एक विशेष कैडर यानी डाउन कैडर के रूप में देखा जा सकता है। इसमें कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों जैसी कोई सुविधा नहीं है, लेकिन सरकार अपना पल्ला झाड़कर कर्मचारियों को धोखा दे रही है। इसके अलावा, कर्मचारियों का वेतन बढ़ाना या स्केल लागू करना तो दूर की बात है। हर महीने उन्हें अपना वेतन पाने के लिए बस स्टैंड बंद हड़ताल जैसे संघर्ष करने पड़ते हैं। सेवा नियमों को लागू करने की बजाय, कर्मचारियों को निकालने के लिए अवैध शर्तें लगाई गई हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री और हर मंत्री कहते हैं कि आउटसोर्स ठेकेदारों के माध्यम से कर्मचारियों को लूटा जा रहा है। ठेकेदार मंत्रियों के अपने चहेते हैं। इससे जीएसटी आयोग और कर्मचारियों को नुकसान होता है। लेकिन इस सरकार ने ठेकेदारों के माध्यम से लूट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस सरकार के दौरान अब तक पनबस में 4 ठेकेदार बदले जा चुके हैं कर्मचारी बार-बार मांग पत्र भेजकर विरोध भी जता रहे हैं। मांगों का समाधान निकालने की बजाय सरकार यूनियन को बदनाम और दबाने में लगी है। इससे सरकार का भाई-भतीजावाद साफ़ ज़ाहिर होता है क्योंकि यह सरकार कर्मचारियों को दबाने और अपने चहेतों को मुनाफ़ा पहुँचाने में नंबर वन है। पूरे पंजाब को हर तरफ़ से लूटा जा रहा है, जिसके तहत परिवहन विभाग में बड़ी लूट चल रही है, जो पहले प्राइवेट माफ़िया के ज़रिए होती थी। अब उस लूट को सरकारी लूट बनाने के लिए किलोमीटर स्कीम के तहत सरकारी परमिट पर कॉर्पोरेट घरानों की प्राइवेट बसों का इस्तेमाल करके सरकारी ख़ज़ाने को लूटने की तैयारी है।




जिसके तहत वोल्वो, एचवीएसी और साधारण बसों के माध्यम से पनबस और पीआरटीसी विभागों से करोड़ों रुपये लूटे जाएंगे। इस संबंध में यूनियन ने विभिन्न पत्रों के माध्यम से आंकड़े भी दिए हैं, जिसमें एक वोल्वो बस समझौते की अवधि के दौरान 3-4 बसों का पैसा लेगी और बस भी निजी मालिक द्वारा ली जाएगी, जबकि इसके विपरीत यदि विभाग अपनी बस लोन पर लेता है, तो वह 15 साल तक विभाग में चलती है और बेरोजगारों को रोजगार भी मिलता है।

राज्य जनरल शमशेर सिंह ढिल्लों, कैशियर बलजीत सिंह, रोही राम ने कहा कि सरकार विभाग का निजीकरण करने पर आतुर है क्योंकि विभागों में लगातार बसें खराब हो रही हैं और अपनी एक भी बस नहीं दी गई है। इसके विपरीत सागो डिपो को टायर, बैटरी आदि स्पेयर पाट्र्स उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।

### पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा लोगों को दिवाली एवं बंदी छोड़ दिवस की बधाई

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने दिवाली एवं बंदी छोड़ दिवस के शुभ अवसर पर पंजाब और चंडीगढ़ के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

उल्लेखनीय है कि छठे पातशाह श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी द्वारा ग्वालियर किले से 52 हिंदू राजाओं की रिहाई का प्रतीक ऐतिहासिक बंदी छोड़ दिवस भी दिवाली के पवित्र दिन मनाया जाता है।



राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई, संघर्ष पर शांति और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। उन्होंने सत्यनिष्ठ एवं सदाचारी जीवन जीने तथा इसे अपने विचारों एवं कर्मों में भी शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

राज्यपाल ने लोगों से दिवाली और बंदी छोड़ दिवस के त्योहार को कम से कम पटाखे फोड़कर पर्यावरण के अनुकूल मनाने की अपील की है।

राज्यपाल ने कामना करते हुए कहा कि दिवाली और बंदी छोड़ दिवस का यह त्योहार सभी के लिए भरपूर आनंद के साथ-साथ शांति और समृद्धि लेकर आए।

# लंदन तक पहुंचा चांदी का सैलाब! भंडार हुए खाली

## ● कारोबारी ने कहा- 27 साल के करियर में ऐसा कभी नहीं देखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
चांदी की बिक्री की सुनामी सिर्फ भारत में ही नहीं आई, बल्कि इसका सैलाब लंदन तक पहुंच गया। एमएमटीसी-पंप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ट्रेडिंग हेड विपिन रैना को उम्मीद थी कि भारतीय धनतेरस पर जमकर खरीदारी करेंगे। वे लक्ष्मीजी की पूजा के लिए चांदी खरीद रहे थे। लेकिन जब यह हुआ, तो वे हैरान रह गए। पिछले हफ्ते की शुरुआत में भारत की सबसे बड़ी कीमती धातु रिफाइनरी (उनकी कंपनी) अपने चांदी के स्टॉक से इतिहास में पहली बार खाली हो गई। उन्होंने कहा कि लोग जबरदस्त खरीदारी कर रहे हैं। ऐसा उन्होंने अपने 27 साल के करियर में कभी नहीं देखा।




### लंदन में खत्म हुई चांदी

पिछले हफ्ते के अंत तक यह उन्माद लंदन के चांदी बाजार तक फैल गया था। लंदन में दुनिया के सबसे बड़े बैंक भारी मात्रा में खरीद-बिक्री करते हैं। वहां भी उपलब्ध चांदी खत्म हो गई थी। व्यापारियों का कहना है कि बाजार लगभग टूट गया था, जहां बड़े बैंक भी कीमतें बताना बंद कर रहे थे क्योंकि उन्हें ग्राहकों के गुस्से और थकान से भरे फोन कॉल्स का सामना करना पड़ रहा था।

### लंदन की ओर क्यों मुड़े डीलर

भारत में वैश्विक कीमतों से ऊपर चांदी के प्रीमियम (जो आमतौर पर कुछ सेंट प्रति औंस से अधिक नहीं होते थे) 0.50 डॉलर से ऊपर और फिर 1 डॉलर से ऊपर बढ़ने लगे, क्योंकि आपूर्ति कम हो गई। और जैसे ही भारत की मांग बढ़ रही थी चीन का बाजार एक सप्ताह की छुट्टी के लिए बंद हो गया। चीन आपूर्ति का एक प्रमुख स्रोत है। ऐसे में बुलियन डीलरों ने लंदन का रुख किया।

उन्हें जल्द ही पता चला कि शहर के कीमती धातु के वॉल्ट (सुरक्षित तिजोरियां) काफी हद तक बिक चुके थे। हालांकि लंदन के वॉल्ट, जो वैश्विक बाजार को सहारा देते हैं, उनमें 36 अरब डॉलर से अधिक की चांदी है, इसका अधिकांश हिस्सा एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निवेशकों के स्वामित्व में था।

### चांदी बाजार में आ गया संकट

ब्लूमबर्ग के मुताबिक 9 अक्टूबर तक (धनतेरस से कुछ दिन पहले) लंदन का चांदी बाजार सबसे बड़े संकट से जूझ रहा था। कंसल्टेंसी मेटल्स फोकस के अनुसार, रातोंरात चांदी उधार लेने की लागत सालाना 200 प्रतिशत तक पहुंच गई। हटना शुरू कर दिया, बिड-आस्क स्प्रेड (खरीद और बिक्री मूल्य का अंतर) इतना बढ़ गया कि व्यापार लगभग असंभव हो गया।

### लंदन के भंडार हुए खाली

लंदन बाजार में हर दिन लगभग 250 मिलियन औंस चांदी के कारोबार को सहारा देने के लिए बहुत कम धातु बची। मेटल्स फोकस के अनुसार अक्टूबर की शुरुआत तक लंदन चांदी बाजार में ईटीएफ के स्वामित्व वाले धातु के फ्री फ्लोट (खुले बाजार में उपलब्ध धातु) घटकर 150 मिलियन औंस से कम हो गए थे।

## फेडरल बैंक के प्रॉफिट में गिरावट, ब्रोकरेज ने कहा- दिवाली में शेयर खरीदो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के फेडरल बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट 9.51 प्रतिशत घटकर 991.94 करोड़ रुपये रह गया। फेडरल बैंक को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,096.25 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय 5.4 प्रतिशत बढ़कर 2,495 करोड़ रुपये हो गई। फेडरल बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैंक चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में लोन बुक को 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रख रहा है, जो पहली छमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि से अधिक होगा। हालांकि, अगर दूसरी छमाही में अधिकतम लक्ष्य भी हासिल हो जाए तो भी पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोन ग्रोथ 10 प्रतिशत से कम रहेगी, जो वित्त वर्ष 2024-25 की 12.14 प्रतिशत की वृद्धि से कम होगी। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी केवीएस मणियन ने बताया कि कॉरपोरेट ऋणों की मांग अभी भी कमजोर बनी हुई है। उन्होंने आशा जताई कि सरकार द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती जैसे उपायों से उपभोक्ता मांग बढ़ेगी, जिससे कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाएंगी। फेडरल बैंक के शेयर की बात करें तो यह बीते शुक्रवार को 1.03 प्रतिशत टूटकर 212.40 रुपये पर बंद हुआ। ब्रोकरेज फर्म एक्सिस सिक्योरिटीज ने फेडरल बैंक के शेयर पर सकारात्मक रुख बनाकर टारगेट प्राइस तय किया है। दरअसल, दिवाली को देखते हुए ब्रोकरेज एक्सिस सिक्योरिटीज ने विक्रम संवत 2082 के लिए अपनी चुनिंदा शेयरों की सूची जारी कर दी है।




## यूएई के लेंडर ने आरबीएल बैंक में खरीदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के आरबीएल बैंक में यूएई का दूसरा सबसे बड़ा लेंडर- एमिरेट्स एनबीडी बैंक पीजेएससी बड़ी हिस्सेदारी खरीद रहा है। इसके लिए यूएई का लेंडर आरबीएल बैंक में 26,580 करोड़ रुपये (3 बिलियन डॉलर) निवेश पर सहमत हो गया है। यह निवेश प्रिफरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें प्रति शेयर 280 के भाव पर नई इक्विटी पूंजी जारी की जाएगी। ईटी की खबर के मुताबिक डील पर साइन किया जा चुका है।

## आईडीबीआई बैंक का मुनाफा लगभग दोगुना होकर 3627 करोड़ हुआ, परिणाम जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आईडीबीआई बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा सितंबर तिमाही में लगभग दोगुना होकर 3,627 करोड़ रुपये हो गया। इसमें एनएसडीएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त लाभ भी शामिल है। कंपनी ने शनिवार को जारी अपने वित्तीय परिणामों में इसकी जानकारी दी। एलआईसी के नियंत्रण वाले बैंक का मुनाफा 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में 1,836 करोड़ रुपये का था। बैंक ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि उसने अपने आईपीओ में 799.87 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 2.22 करोड़ इक्विटी शेयरों की पेशकश की थी। इसमें नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) में 11.11 प्रतिशत शेयरधारिता शामिल है। इससे उसे 1,698.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 3,523 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में यह लाभ 3,006 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2026 की जुलाई-सितंबर अवधि में ब्याज स शुद्ध आय 3,285 करोड़ रुपये थी। जबकि एक साल पहले यह 3,875 करोड़ रुपये थी। इसका कुल कारोबार 5,33,730 करोड़ रुपये का रहा, जो 12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। आईडीबीआई बैंक ने आगे कहा कि 30 सितंबर, 2025 तक उसका सकल एनपीए अनुपात एक साल पहले के 3.68 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 2.65 प्रतिशत हो गया। शुद्ध एनपीए अनुपात सितंबर 2024 के 0.20 प्रतिशत की तुलना में 0.21 प्रतिशत रहा। बैंक ने कहा कि 30 सितंबर, 2025 तक उसकी कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगी। 30 सितंबर, 2025 तक चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) 1,39,036 करोड़ रुपये और सीएएसए अनुपात 45.81 प्रतिशत रहा।




# धनतेरस पर मुंबई के झवेरी बाजार में बिका 36 टन सोना

## सिक्के और बार बने ग्राहकों की पहली पसंद

## धनतेरस के दिन सोने की कीमतों में दिखी 5000 की नरमी

**मुंबई एजेंसी।** धनतेरस के अवसर पर शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध झवेरी बाजार में करीब 36 टन सोने की बिक्री हुई। इसमें सिक्कों और गोल्ड बार की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। सोने की कीमत में 5000 रुपये की गिरावट के बाद ग्राहकों का रुझान बढ़ा। इससे कुल कारोबार में तेजी आई। इस बार चांदी की बिक्री भी मजबूत रही, जबकि सोने के गहनों की बिक्री में थोड़ी कमी आई। इस उत्सव के दौरान देशभर में लगभग 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। धनतेरस के एक दिन पहले सोने की कीमतें 1,36,000 रुपये 10 पर थी, जो शनिवार 18 अक्टूबर धनतेरस के दिन 5000 रुपये गिरकर 1,31,425 रुपये 10 ग्राम पर कारोबार करती दिखी। चांदी की कीमत 157,590 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया सोने की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है। पिछले वर्ष धनतेरस पर करीब 39 टन सोना बिका था, जबकि इस बार देर रात तक लगभग 36 टन सोने की बिक्री होने की संभावना है।

**पूजा थालियों, मूर्तियों और चांदी के सिक्कों की खरीद में उछाल:** सिल्वर एम्पोरियम के राहुल मेहता ने बताया कि इस बार चांदी की बिक्री में भी मजबूती देखी गई है और पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री वॉल्यूम में वृद्धि दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों ने इस बार विशेष रूप से पूजा की थालियों, मूर्तियों और चांदी के सिक्कों की खरीद में अधिक रुचि दिखाई है।



### आभूषण की बिक्री में 25 से 30 प्रतिशत की गिरावट

त्योहारों में आभूषण की बिक्री में 25 से 30 प्रतिशत की गिरावट हो सकती है, क्योंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर हैं। लेकिन सिक्के और गोल्ड बार खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, देर रात तक देशभर में सोना और चांदी मिलाकर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। बॉम्बे बुलियन एसोसिएशन के प्रवक्ता का कहना है, धनतेरस पर सोने में 5000 रुपये तक की गिरावट देखी गई, जो कि ग्राहकों के लिए अच्छी खबर रही।

## गोल्ड नहीं है इंवेस्टमेंट जोहो के फाउंडर श्रीधर वेम्बू ने सोने को लेकर कही बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बीते एक साल के दौरान गोल्ड ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। सोने के भाव इस समय सातवें आसमान पर हैं। जिसकी वजह से जहां एक तरफ कई निवेशक काफी उत्साहित हैं। तो कुछ इसी तेजी में काफी सतर्कता दिखा रहे हैं। इस बीच धनतेरस के दिन जोफो के फाउंडर और चीफ साइंटिस्ट श्रीधर वेम्बू का बयान गोल्ड पर आया है। उन्होंने शनिवार को सोने को लेकर कहा कि यह सिर्फ एक परंपरागत निवेश नहीं है। बल्कि सिस्टेमेटिक फाइनेंशियल रिस्क के बदले इंश्योरेंस है। श्रीधर वेम्बू का बयान ऐसे दिन आया है जब बड़ी संख्या में भारतीय धनतेरस के दिन सोना खरीदते हैं। भारतीय परिवारों में सोना खरीदना इस दिन काफी शुभ माना जाता है। उनका बयान मार्केट में तेजी के बीच आया है। एक्स पर श्रीधर वेम्बू पोस्ट करते हैं, मुझे नहीं लगता है कि गोल्ड एक इंवेस्टमेंट है। मेरे अनुसार यह सिस्टेमेटिग फाइनेंशियल रिस्क के लिए इंश्योरेंस है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते कर्ज की वजह से फाइनेंशियल सिस्टम्स का विश्वास प्रभावित हो सकता है। ऐसी स्थिति में सोना एक सुरक्षित विकल्प रहेगा। वेम्बू आगे कहते हैं कि वित्तीय व्यवस्था बहुत हद तक विश्वास पर निर्भर है। ग्लोबल स्टेज पर डेट का उच्चतम स्तर तक जाना उस विश्वास के लिए अच्छा नहीं है। पिछले 12 महीने में गोल्ड की कीमतों में 63 प्रतिशत की तेजी आई है। बीते धनतेरस पर 10 ग्राम गोल्ड का भाव 78840 रुपये पर था। अब यह 1.30 लाख रुपये के करीब है। किसी निवेशक ने अगर पिछले साल धनतेरस पर 1 लाख रुपये का निवेश सोने में किया होगा उसे आज की तारीख में 63000 रुपये का फायदा हो चुका है।

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच होगी व्यापार वार्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने के लिए इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि मंत्री इस दौरान बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में भाग लेने के लिए यूरोप में रहेंगे। यह आयोजन 23 अक्तूबर से 25 अक्तूबर के बीच होगा। इसके बाद, ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ता होगी। गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे। गोयल की यह यात्रा दोनों पक्षों के बीच 6 अक्तूबर से 10 अक्तूबर तक हुई 14वें दौर की वार्ता के समापन के बाद हो रही है।

**दिसंबर तक व्यापार वार्ता समाप्त करने का निर्णय:** वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय आयोग (ईसी) के व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड के साथ भी बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच बातचीत बढ़ गई है क्योंकि उन्होंने दिसंबर तक वार्ता समाप्त करने का निर्णय लिया है।

### गोयल न्यूजीलैंड के साथ करेंगे व्यापार वार्ता

यूरोप की अपनी यात्रा के बाद, गोयल न्यूजीलैंड जाएंगे। दोनों देशों ने मार्च में एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू की थी और इस पर तीन दौर की वार्ता हो चुकी है। जून 2022 में, भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण यह बातचीत 2013 में रुक गई थी।



### यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का 17 प्रतिशत

यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 136.53 अरब डॉलर (75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात) था। यह वस्तुओं के लिए सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है, और भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल विदेशी निर्यात का 9 प्रतिशत है।

# दिवाली के दिन खुला रहेगा शेयर बाजार

## मुहूर्त ट्रेडिंग के टाइम में हुआ बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
इस बार दिवाली का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। लेकिन इस दिन मुहूर्त ट्रेडिंग नहीं होगी। इसकी वजह बीएसई और एनएसई में दिवाली की छुट्टी की तारीख का अलग होना है। हर बार की तरह इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग की टाइमिंग में बदलाव हुआ है। पहले की तरह इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग शाम के बजाय दोपहर में होगी।

देश भर में दिवाली का त्योहार सोमवार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। घरेलू शेयर बाजारों में इस दिन सामान्य कारोबार दिनों की तरह ही ट्रेडिंग होगी। यानी मार्केट 9 बजे से 3.30 बजे तक सोमवार को खुला रहेगा। वहीं, बीएसई और एनएसई के कैलेंडर में दिवाली का त्योहार 21 अक्टूबर को है। जिसकी वजह से इस दिन शेयर बाजार रोजाना की तरह नहीं खुलेगा।



इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग 21 अक्टूबर 2025 को दिन में 1.45 बजे से 2.45 बजे तक मनाई जाएगी। यानी हर बार की तरह इस बार रात्रि में मुहूर्त ट्रेडिंग की टाइमिंग नहीं है। जारी सर्कुलर के अनुसार 1.30पीएम से 1.45पीएम तक 15 मिनट के लिए प्री-ओपनिंग सेशन रहेगा। ट्रेडिंग 1.45 बजे शुरू हो जाएगी। ब्लॉक डील के लिए सेशन 13.15 बजे से 1.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। बता दें, क्लोजिंग सेशन 2.55 बजे से 3.05 बजे तक निर्धारित किया गया है। मुहूर्त ट्रेडिंग एक परंपरा है। इस दिन बड़ी संख्या में भारतीय परिवार शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते हैं। उनका ध्यान बस निवेश का रहता है। इस दौरान इससे वो बहुत फायदा कमाने की तरफ ध्यान नहीं देते हैं। दूसरी तरफ कई निवेशक लॉन्ग टर्म के लिए इस दिन शेयरों को खरीदते हैं। बता दें, बीते कई साल का डाटा कहता है कि मुहूर्त ट्रेडिंग के दिन अमूमन शेयर बाजार में तेजी देखने को मिलती है।

## , टीवी से लेकर वॉशिंग मशीन तक, सभी की मांग आसमान पर

# रेकॉर्ड ब्रेकिंग फेस्टिवल... गाड़ी से लेकर गहनों

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
धनतेरस 2025 भारतीय खुदरा विक्रेताओं के लिए एक रेकॉर्ड-तोड़ त्योहार साबित हुआ। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, मार्केटिंग और सेल्स, पार्थो बनर्जी ने बताया कि 50,000 से ज्यादा गाड़ियां बिकी। यह धनतेरस पर उनकी अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री हुई।

**लाखों गाड़ियों की बुकिंग:** बनर्जी ने यह भी बताया कि 18 सितंबर को कीमतें कम करने के बाद से कंपनी को लगभग 4.5 लाख बुकिंग मिली हैं। इनमें छोटी कारों की बुकिंग एक लाख के करीब है और एक महीने में 3.25 लाख यूनिट की रिटेल डिलीवरी हुई है।

वहीं, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी और सीईओ नामित तरुण गर्ग ने कहा कि त्योहारी मांग बहुत अच्छी है। उन्हें 14,000 यूनिट्स की डिलीवरी की उम्मीद है, जो पिछले साल से 20 फीसदी ज्यादा है। पीटीआई के मुताबिक, उन्होंने कहा कि यह अच्छी चाल त्योहारी माहौल, बाजार में तेजी और जीएसटी 2.0 सुधारों के सकारात्मक असर से आ रही है।



**बड़े टीवी की बिक्री बढ़ी:** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां भी बिक्री में जबरदस्त उछाल की रिपोर्ट कर रही हैं। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस के डायरेक्टर संदीप सहगल ने बताया कि 1 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच 55 इंच या उससे बड़े टीवी की बिक्री में 4च टीवी की बिक्री 36 फीसदी से ज्यादा बढ़ी है। कुल मिलाकर टीवी और रूम एयर कंडीशनर की बिक्री पिछले साल के मुकाबले करीब 30 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।

हायर एप्लायंसेज इंडिया ने भी प्रीमियम प्रोडक्ट्स जैसे बड़े स्क्रीन वाले टीवी, साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर और फ्रंट-लोड वॉशिंग मशीनों की जबरदस्त मांग बताई है। उनकी बिक्री 50 फीसदी से ज़्यादा बढ़ने की उम्मीद है। कंपनियों का कहना है कि जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) में हालिया सुधारों ने भी इसमें मदद की है। इन सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक्स और जरूरी सामानों पर टैक्स कम हुआ है, जिससे लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा पैसे बचे हैं। ज्वैलरी (गहने) बेचने वालों ने भी अच्छी त्योहारी बिक्री देखी है। तनिष्क के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अरुण ने बताया कि 2 लाख रुपये से ज्यादा के निवेश वाले गहनों से लेकर हल्के गहनों और सोने के सिक्कों तक की खरीदारी हुई है। बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) में भी मांग अच्छी रही। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा कि धनतेरस पर गहनों की बिक्री में शानदार उछाल देखा गया। सोने के दाम आसमान छूने के बावजूद लोगों ने जमकर खरीदारी की। अनुकूल आर्थिक माहौल और जीएसटी सुधारों के चलते ग्राहकों की तरफ से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। खास तौर पर, युवा पीढ़ी में हल्के वजन के गहनों की मांग बहुत ज्यादा रही।

उन्होंने कहा कि इस धनतेरस पर बिक्री पिछले साल के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक बढ़ी।

एसजेवीएन
SJVN

# विद्युत उत्पादन से राष्ट्र का सशक्तिकरण




**घरों, उद्योगों एवं अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्वच्छ, विश्वसनीय एवं स्थाई ऊर्जा प्रदान करने में अग्रणी**

*एक सतत् एवं समावेशी भविष्य के लिए हमसे जुड़ें।*
*आइए मिलकर प्राकृतिक ऊर्जा को अपनाएं, नवाचार को आगे बढ़ाएं और एक उज्ज्वल, हरित भविष्य का निर्माण करें।*

## एसजेवीएन लिमिटेड
## SJVN LIMITED
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
'नवरत्न सीपीएसई'

**पंजीकृत कार्यालय** : शक्ति सदन, कारपोरेट ऑफिस काम्पलैक्स, शनान, शिमला–171006, हिमाचल प्रदेश (भारत)

**सम्पर्क कार्यालय** : ऑफिस ब्लाक, टॉवर–1, 6वीं मंजिल, एनबीसीसी कॉम्पलैक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023

www.sjvn.nic.in @Sjvnlimited @Sjvnlimited @sjvnlimited

वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

## तन्वी शर्मा जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचीं, चीनी खिलाड़ी को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचासाक से होगा। पिचिटप्रीचासाक ने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन याताविमिन केतक्लियेंग को एक गेम से पिछड़ने के बाद 10-15, 15-11, 15-5 से हराकर वापसी की। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर



चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। तन्वी ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 16 साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वालिफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं।

**फाइनल में पिचिटप्रीचासाक से होगा सामना-** फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचासाक से होगा। पिचिटप्रीचासाक ने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन याताविमिन केतक्लियेंग को एक गेम से पिछड़ने के बाद 10-15, 15-11, 15-5 से हराकर वापसी की। तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ली के खिलाफ शुरुआत से ही अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कोर्ट के अगले हिस्से शानदार इस्तेमाल करते हुए शुरू से चीन की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में 7-3 की बढ़त बना ली और हालांकि लियू एक समय पर अंतर को 8-7 तक कम करने में कामयाब रहीं, लेकिन तन्वी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा।

## गोल्फ आप किसी भी उम्र में खेल सकते हैं :कपिल देव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि गोल्फ बेहद कठिन खेल है। कपिल इन दिनों गोल्फ में सक्रिय हैं एनडीटीवी गोल्फ प्रो-एम लॉन्च कार्यक्रम के दौरान कपिल देव ने कहा कि कई लोग गोल्फ को एक साधारण खेल मानते हैं, लेकिन लक्ष्य छोटा होने के



कारण गोल्फ क्रिकेट से भी कठिन खेल है। गोल्फरों को बेहद अच्छे मार्जिन के साथ काम करना पड़ता है, जिससे खेल कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कपिल देव प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि गोल्फ का प्रशिक्षण भी काफी कठिन होता है। 90 प्रतिशत खिलाड़ी प्रशिक्षण के शुरुआती 15 दिनों के अंदर ही खेल छोड़ देते हैं। गोल्फ पर विस्तार से जिक्र करते हुए कपिल देव ने कहा, लक्ष्य जितना छोटा होगा, खेल उतना ही कठिन होगा। क्रिकेट में, आप 360 डिग्री तक हिट कर सकते हैं और फिर भी स्कोर कर सकते हैं। गोल्फ में, थोड़ी सी चूक आपको खेल से बाहर कर देती है।

उन्होंने कहा कि गोल्फ में हार के बाद निराशा में लोग खेल छोड़ देते हैं। मैं चाहता हूं कि प्रतियोगी जीतें और गोल्फ कोर्स में वापस आएं। खुद को अभिव्यक्त करें और खेल का आनंद लें। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। कपिल देव ने कहा, आपको क्रिकेट के मैदान पर हरियाली नहीं मिलती। गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसे आप किसी भी उम्र में खेल सकते हैं।



ना 100 में, ना 400 में...

# रोहित शर्मा रहे 500 में भी फेल

...फिर वही हुआ जो 200 मैच पहले हुआ था

### 100 से लेकर 500 मैच तकः रोहित शर्मा ने किया क्या?

रोहित शर्मा ने अपने 100वें इंटरनेशनल मैच में 15 रन बनाए थे. 200वें मैच में उन्होंने 21 रन बनाए. 300वें मैच में 8 रन उन्होंने बनाए. रोहित का 400वां इंटरनेशनल मैच टेस्ट था, जिसकी पहली पारी में उन्होंने 15 रन जबकि दूसरी पारी में 46 रन बनाए थे. वहीं 500वें मैच में उन्होंने 8 रन बनाए. अब अगर इंटरनेशनल करियर के माइलस्टोन मुकाबलों में रोहित शर्मा के बनाए रनों को जोड़ दें तो उन्होंने 6 पारियों में सिर्फ 113 रन बनाए हैं. रनों का ये आंकड़ा जाहिर सी बात है कि रोहित शर्मा के मिजाज से मेल खाता नहीं दिख रहा.

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमबैक मैच में पहला रन बनाना छोड़िए, उन्होंने पर्थ के मैदान पर उतरते ही इतिहास रचा. लेकिन, उस ऐतिहासिक मैच में हुआ क्या? ना 100 में, ना 400 में रोहित शर्मा 500 में भी फेल हो गए. अब आप सोच रहे होंगे कि ये 100, 400, 500 है क्या? तो ये उन मुकाबलों के नंबर हैं, जो रोहित शर्मा के इंटरनेशनल करियर से जुड़े हैं. पर्थ वनडे रोहित शर्मा के करियर का 500वां इंटरनेशनल मैच था. लेकिन, उनके साथ इस मैच में भी वही घटना घट गई, जो 200 मैच पहले दिखी थी.

### फिर वही हुआ, जो 200 मैच पहले हुआ था

500वें इंटरनेशनल मैच में 8 रन बनाने वाले रोहित शर्मा, 200 मैच पहले यानी अपने करियर के 300वें मैच में भी 8 रन बनाकर आउट हुए थे. इंटरनेशनल

### रोहित शर्मा 500वें मैच में भी फेल

सीधी भाषा में कहें तो रोहित शर्मा का बल्ला ना तो उनके इंटरनेशनल करियर के 100वें मैच में चला है. ना ही 200वें मैच में. 300वें, 400वें और अब अपने 500वें मैच में भी वो फेल रहे हैं. रोहित शर्मा ने पर्थ वनडे में 14 गेंदों का सामना कर 1 चौके के साथ सिर्फ 8 रन बनाए.

करियर के 100, 200, 300, 400 और 500वें मैच में वो किसी में भी शतक तो दूर अर्धशतक नहीं लगा सके. इस दौरान उनका जो सबसे बेस्ट स्कोर रहा वो 46 रन का था.

# पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 पहलवान सरिता मोर करेंगी कमबैक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत की पूर्व विश्व नंबर-1 रेसलर सरिता मोर जल्द ही मैट पर वापसी करना चाहती हैं। 7 अक्टूबर को ही उन्होंने बेटे को जन्म दिया। अभी बेटे का नामकरण नहीं हुआ है। एक सप्ताह बाद ही सरिता फिटनेस पर ध्यान देने लगी हैं। पति राहुल मान खुद इंटरनेशनल रेसलर व सरिता के कोच हैं। राहुल बताते हैं कि सरिता करीब 40 दिन रीति-रिवाज पूरे करने के बाद परिवार की सहमति से ट्रेनिंग शुरू करेंगी। वहीं सरिता कहती हैं कि जब मैरी कॉम मां बनने के बाद बॉक्सिंग में 3 बार विश्व चैंपियन बन सकती हैं, तो मैं क्यों नहीं।



7 अक्टूबर को सरिता ने सोशल मीडिया पर बेटे के जन्म की जानकारी साझा करते हुए लिखा था- नई जर्नी शुरू...वेलकम टू द वर्ल्ड, अवर बेबी ब्वाय। अब बेटे के जन्म के बाद सरिता एक नई जंग की तैयारी कर रही हैं- मैट पर वापसी की। पति राहुल मान ने दैनिक भास्कर एप से बातचीत में कहा- प्रसवोत्तर समय पूरा होने के बाद सरिता कुश्ती में दोबारा उतरेंगी। उनका लक्ष्य ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतना है।

# रिशाद हुसैन ने रचा इतिहास

### वेस्टइंडीज के खिलाफ झटके 6 विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने शनिवार को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में ऐसा कमाल किया, जो बांग्लादेश क्रिकेट के इतिहास में दर्ज हो गया। रिशाद ने सिर्फ 35 रन देकर 6 विकेट हासिल किए जो किसी भी बांग्लादेशी स्पिनर का वनडे क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनकी घातक गेंदबाजी ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 133 रनों पर ढेर कर दिया, जिससे मेजबान टीम ने 74 रनों की शानदार जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

मैच के बाद बातचीत में रिशाद ने कहा, मैं अपनी प्रक्रिया पर अडिग रहा। शुरू के कुछ ओवरों में लय पकड़ने में दिक्कत हुई, लेकिन जल्दी ही मैं अपने रिदम में लौट आया। उन्होंने आगे कहा कि वह हमेशा टीम के लिए तीनों विभागों गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में योगदान देने की कोशिश करते हैं। रिशाद ने कहा, मुझे विश्वास है कि अल्लाह हमेशा टीम के लिए कुछ अच्छा करने का रास्ता जरूर दिखाते हैं।

### बल्ले से भी दिखाया दम

रिशाद ने सिर्फ गेंद से ही नहीं, बल्ले से भी अपनी काबिलियत साबित की। उन्होंने 13 गेंदों में 26 रन ठोके, जिसमें एक चौका और दो शानदार छक्के शामिल थे। उनकी इस तेज पारी ने बांग्लादेश को 200 के पार पहुंचाने में अहम



भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, झे पता है कि टीम मुझसे बल्लेबाजी में क्या उम्मीद रखती है। अगर मेरा योगदान टीम को 180 से 210 या 215 के स्कोर तक ले जा सकता है, तो यह बहुत अच्छा है।

### करियर बेस्ट प्रदर्शन

रिशाद का यह स्पेल बांग्लादेश के वनडे इतिहास में किसी भी स्पिनर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे बेहतर आंकड़े सिर्फ दो गेंदबाजों मशरफे मुर्तजा (6/26 बनाम केन्या, 2006) और रुबेल हुसैन (6/26 बनाम न्यूजीलैंड, 2013) के नाम हैं। इससे पहले 12 वनडे मैचों की 10 पारियों में उन्होंने 16.75 की औसत से 134 रन बनाए थे और गेंद से निरंतर सुधार दिखाया था।

### मैच का पूरा हाल

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश की ओर से तौहीद हृदॉय (51 रन) और महिदुल इस्लाम अंकोन (46 रन) ने संभली हुई पारियां खेलीं। रिशाद की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत टीम 49.4 ओवर में 207 रन तक पहुंची। जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत ठीक रही, ब्रैंडन किंग (44 रन) और एलिक अथानाजे (27 रन) ने 51 रनों की साझेदारी की। लेकिन इसके बाद रिशाद की फिरकी ने सब कुछ पलट दिया।

# स्मृति मंधाना बनेंगी दुल्हनिया?

### शादी को लेकर मंगेतर ने दिया जवाब, कहा- जल्दी बनेंगी इंदौर की बहू...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और स्टार बैटर स्मृति मंधाना जल्द ही दुल्हनिया बनने जा रही हैं। दरअसल भारत-इंग्लैंड के बीच महिला वर्ल्ड कप 2025 में होने वाले मैच से पहले उनके मंगेतर पलाश मुच्छल ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने शनिवार को इंदौर में मीडिया से बात करते हुए कहा, कि वह (स्मृति मंधाना) जल्दी इंदौर की बहू बनेंगी। उनके इस बयान के बाद यह खबर सोशल मीडिया ही नहीं बल्कि पूरे खेल जगत में आग की तरह फैल गई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू करने के बाद से ही स्मृति को नेशनल क्रश की उपाधि मिल गई थी। उनके खेल के साथ उनके लुक और सुंदरता के भी चर्चे हर जगह थे। वहीं पिछले साल से कई बार लगातार उनको और पलाश मुच्छल को एक साथ देखा जा रहा था। इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों की करीबी फोटोज सामने आई थीं। अब इस बयान ने रिलेशनशिप को तो पलाश ने कंफर्म कर ही दिया बल्कि शादी की खबर को भी पुख्ता कर दिया है। अगर पलाश की बात करें तो वह पेशे से म्यूजिक डायरेक्टर हैं। उनका जन्म 1995 में इंदौर में ही हुआ था। उनका परिवार भी वहीं रहता है। अब वह एक फिल्म बना रहे हैं 'राजू बाजे वाला'। वह इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में इंदौर पहुंचे हैं। इसी दौरान उन्होंने मीडिया से बात की और अपना बयान शादी को लेकर जारी किया। साथ ही उन्होंने महिला वर्ल्ड कप 2025 के मैच से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम और कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी शुभकामनाएं दीं।



सुल्तान जोहोर कप

## सुल्तान जोहोर कप के फाइनल में भारतीय टीम को मिली मात, ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से हराकर जीता खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। आखिरी मिनटों में भारत के पास बराबरी का शानदार मौका था, लेकिन टीम छह पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल सकी।



**ग्रोब्बेलार ने दिलाई निर्णायक बढ़त-** तीन बार की चैंपियन भारतीय टीम मैच की शुरुआत में अच्छी लय में दिखी, लेकिन 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के इयान ग्रोब्बेलार ने ड्रैग फ्लिक के जरिए गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में वापसी की और 17वें मिनट में अनमोल एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा, जिससे मुकाबला अंतिम क्वार्टर तक बराबरी पर था। खेल के 59वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला और ग्रोब्बेलार ने एक बार फिर गोल कर अपनी टीम को 2-1 की निर्णायक बढ़त दिला दी।

**गोलकीपर मैग्नस मैककॉसलैंड ने किया बेहतरीन बचाव-** अंतिम मिनट में भारत को लगातार छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर मैग्नस मैककॉसलैंड ने बेहतरीन बचाव करते हुए भारत की बराबरी की उम्मीदों को नाकाम कर दिया।

# 38 की उम्र में भी जादू बिखेर रहे लियोनेल मेसी



### हैट्रिक जड़कर जीता स्स 2025 का गोल्डन बूट

नई दिल्ली, एजेंसी। लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेसी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2025 एमएलएस सीजन का गोल्डन बूट जीत लिया है। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। इंटर मियामी के डिफेंडर इयान फ्रे ने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह (मेसी) हर मैच में हमारी जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। उनकी प्रशंसा करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

**34 मिनट पर दागा था मेसी ने पहला गोल-** लियोनेल मेसी ने अपना पहला गोल 34वें मिनट पर दागा था। इसके बाद दूसरा गोल उन्होंने 63वें मिनट पर पेनल्टी से किया। इसके बाद 81वें मिनट पर मेसी ने तीसरा गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। इसके अलावा इंटर मियामी के लुए बाल्तासार रोड्रिगेज ने 67वें मिनट पर गोल किया।

## चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को हेड कोच नियुक्त किया



**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। टीम की ओर से इसकी घोषणा शनिवार को हुई। ओवेन कॉयल की जगह लेने वाले मिरांडा क्लब के पहले भारतीय मुख्य कोच बने हैं।25 अक्टूबर से अपने गृह राज्य गोवा में शुरू होने वाले एआईएफएफ सुपर कप में बतौर हेड कोच यह उनकी पहली नियुक्ति है। चेन्नईयिन को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की अन्य टीमों मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल एफसी और डेम्पो एससी के साथ एक मुश्किल ग्रुप में रखा गया है, जिन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। चेन्नईयिन एफसी और कॉयल इस साल की शुरुआत में आपसी सहमति से अलग हो गए थे। स्कॉटिश मैनेजर कॉयल आईएसएल के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने इससे पहले जमशेदपुर एफसी के साथ आईएसएल शील्ड जीता। अब क्लिफोर्ड मिरांडा क्लब की किस्मत बदलने की कोशिश करेंगे। एआईएफएफ सुपर कप उनके लिए अपनी छाप छोड़ने का एक अच्छा मौका है। 2024-25 सीजन में, कॉयल की कोचिंग में चेन्नईयिन एफसी 24 मैचों में केवल सात जीत के साथ 11वें स्थान पर रही थी।

न्यूज डायरी

## इंदिरा कॉलोनी के सरकारी स्कूल में मनाया गया दिवाली मेला

हिन्द जनपथ





**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** इंदिरा कॉलोनी स्थित सरकारी मिडिल हाई स्कूल पॉकेट न 8 में आज हर्षोल्लास के साथ दिवाली मेला आयोजित किया गया। मेले में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगी झालरों, दीयों और सजावट से आकर्षक रूप से सजाया गया था।

मेले में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए दीये, सजावटी सामान, हस्तनिर्मित कार्ड और पर्यावरण अनुकूल सामग्री से बने उपहारों की स्टॉल लगाई गई। बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

मेले के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक त्योहारों को सादगी से मनाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का समापन सभी के बीच मिठाइयाँ बाँटकर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।




# नायब सरकार ने किसानों की दीपावली की बढाई मिठास, गन्ने के समर्थन मूल्य में की बढ़ोतरी

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने दीपावली के पावन अवसर पर गन्ना किसानों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के तहत हरियाणा सरकार ने देश में सबसे अधिक गन्ना मूल्य प्रदान करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है, जो किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

अगेती किस्म के गन्ने का रेट 400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। वहीं पछेती किस्म का रेट 393 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 408 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।



यह मूल्य वृद्धि गन्ना किसानों के लिए दीपावली का तोहफा है, जो उनकी मेहनत और समर्पण को सम्मान देने के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति को और मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार का यह निर्णय न केवल किसानों के हित में है बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करने वाला है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। गन्ना किसानों को देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य देकर हम उनके जीवन में समृद्धि और खुशहाली लाने का प्रयास कर रहे हैं। यह निर्णय दीपावली के पर्व को और अधिक उज्ज्वल व मीठा बनायेगा। हरियाणा सरकार का यह कदम किसानों के प्रति उसकी संवेदनशीलता और समर्पण को दर्शाता है। यह पहल न केवल गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करेगी बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी एक मिसाल कायम करेगी।

## गन्ने के दाम में 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि, किसानों को दीपावली का 'नायब' तोहफा: कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने गन्ने के दाम में 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा की है। उन्होंने इसे राज्य के गन्ना किसानों के लिए "दीपावली का तोहफा" करार दिया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के तहत हरियाणा सरकार ने देश में सबसे अधिक गन्ना मूल्य प्रदान करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है, जो किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नए दरों के तहत अगेती किस्म के गन्ने का रेट 400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 415 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। वहीं पछेती किस्म का रेट 393 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 408 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। इस वृद्धि के साथ, हरियाणा देश में गन्ने का सबसे अधिक मूल्य देने वाला राज्य बन गया है, जो किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।मंत्री राणा ने कहा, "यह फैसला हमारी सरकार के उस दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जिसके तहत हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसानों को उनकी मेहनत का सर्वोत्तम मूल्य मिले। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में, हरियाणा किसान समुदाय के समर्थन में अग्रणी बना हुआ है। इस दीपावली, हमारे किसान अधिक समृद्धि और आत्मविश्वास के साथ उत्सव मनाएंगे।"यह घोषणा हाल ही में हुई राज्य गन्ना नियंत्रण बोर्ड की बैठक के बाद आई है, जिसकी अध्यक्षता मंत्री राणा ने की थी। इस बैठक में राज्य की सहकारी और निजी चीनी मिलों के संचालन को सुचारू करने के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मिलें समय पर पेराई शुरू करें और किसानों के भुगतान में कोई देरी न हो।मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने पिछले सत्रों से गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का अधिकांश हिस्सा पहले ही चुका दिया है। उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी किसान को भुगतान में देरी के कारण वित्तीय परेशानी न झेलनी पड़े। अधिकांश चीनी मिलें निर्धारित समय पर पेराई शुरू करने के लिए तैयार हैं।"मंत्री के अनुसार, नवंबर की शुरुआत में शुरू होने वाले गन्ना पेराई सत्र के साथ, हरियाणा में गन्ने के दाम में लगातार वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने दी प्रदेशवासियों को दीपावली, विश्वकर्मा दिवस, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने प्रदेश के सभी नागरिकों, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग एवं वरिष्ठ नागरिकों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस एवं भाई दूज के पावन पर्वों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

श्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली का यह पावन त्यौहार प्रकाश, समृद्धि एवं खुशहाली का प्रतीक है। यह अवसर हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सहयोग एवं सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के प्रति हमारी श्रद्धा एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व याद दिलाता है। जबकि विश्वकर्मा दिवस हमें कारीगरों एवं श्रमिकों के अथक परिश्रम को नमन करने का अवसर प्रदान करता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट बंधन को मजबूत करता है, जो हमारे समाज की नींव है।

उन्होंने अपने संदेश में हरियाणा सरकार के इन पर्वों के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के संकल्प को दौहरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चलाई जा रही सामाजिक योजनाओं के माध्यम से लाखों लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जो इन त्योहारों की खुशी को और भी सार्थक बनाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि ये पर्व मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखें, पटाखों का न्यूनतम उपयोग करें तथा एक-दूसरे के प्रति सद्भाव बनाए रखें। श्री बेदी ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि ये त्योहार हमें सामाजिक सद्भाव, एकता एवं प्रगति के नए संकल्प लेने का अवसर प्रदान करें। उन्होंने सभी को स्वस्थ एवं सुखी रहने की कामना की।

## एमसीएम ने विश्व खाद्य दिवस पर 'हैंड इन हैंड फोर बेटर फूड्स एंड बेटर फ्यूचर' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया

हिन्द जनपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के फूड साइंस विभाग ने विश्व खाद्य दिवस 2025 उत्साह और सृजनात्मकता के साथ मनाया। इस अवसर पर विभिन्न ज्ञानवर्धक, सहभागितापूर्ण और प्रेरणादायक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम ने इस वर्ष के वैश्विक विषय 'हैंड इन हैंड फोर बेटर फूड्स एंड बेटर फ्यूचर' की भावना को अभिव्यक्त करते हुए स्थायी एवं समावेशी खाद्य प्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला।



इस अवसर पर 'एमसीएम होप बॉक्स' नाम से एक विशेष पहल की शुरुआत की गई, जिसके तहत आपदा राहत के लिए आपातकालीन पोषण किट तैयार की गयीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कई थीम आधारित स्टॉल लगाए, जिनमें फूड साइंस और टेक्नोलॉजी के विविध आयामों को प्रस्तुत करते हुए पोषण जागरूकता और सतत खाद्य अभ्यासों से लेकर नवाचार और उत्पाद विकास को भी शामिल किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहेः फूड साइंस इन एक्शनः एडिटिव्स, प्रिज़र्वेटिव्स और फर्मेंटेशन पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन। न्यूट्रिस्मार्ट ज़ोनः न्यूट्रिशन लेबलिंग और कैलोरी जागरूकता पर इंटरएक्टिव खेल। ज़ीरो वेस्ट कैफेः खाद्य उत्पादों से तैयार की गई रचनात्मक रेसिपियाँ, जो शून्य अपशिष्ट पाक कला को बढ़ावा देती हैं। फंक्शनल फूड फिएस्टाः इम्यूनिटी शॉट्स, प्रोबायोटिक ड्रिंक्स और हर्बल चाय की प्रस्तुति। इनॉवेटिव प्रोडक्ट लॉन्चः विद्यार्थियों द्वारा विकसित बाजरा कुकीज़, फोर्टिफाइड पेय और लो-फैट मेयोनिज़ का प्रदर्शन।

इस अवसर पर 'सचेत उपभोग की शपथ' भी दिलाई गई, जिसमें सभी को भोजन का सम्मान करने, बर्बादी से बचने और खाद्य समानता में योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के केंद्रीय भाव "जब आपके पास आवश्यकता से अधिक हो, तो ऊँची दीवार नहीं, बड़ी मेज़ बनाइए" — को साकार करते हुए विभाग ने फूड शेयरिंग ड्राइव का भी आयोजन किया। फैकल्टी सदस्यों ने मिठाइयाँ, चॉकलेट्स, बेकरी उत्पाद, फल और पेय पदार्थ एकत्रित कर महाविद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों के साथ साझा किए जो दीपावली से पूर्व कृतज्ञता और सद्भावना का प्रतीक रहा।

